हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–319 : जौनपुर, सोमवार 04 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## "स्कूल चलों अभियान–2022" का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया शुभारम्भ

जौनपुर सू.वि. : "स्कूल चलों अभियान–2022" का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री मा0 योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती जनपद से किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षा जीवन में परिवर्तन का आधार है। उन्होने अभिभावक, शिक्षक, जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि घर–घर जाकर स्कूल जाने लायक छात्र–छात्राओं का नजदीक के प्राइमरी स्कूल में नामांकन कराये। उन्होने जनप्रतिनिधियों से अपील किया कि कायाकल्प अभियान के अन्तर्गत एक स्कूल को गोद लें तथा उसमें सोलर पैनल, लाइब्रेरी सहित सभी आधार भूत सुविधाओं की व्यवस्था कराये। उन्होने कहा कि कोरोना अवधि के दो वर्ष के बाद पुनः स्कूल चलों अभियान संचालित किया जा रहा है। कोरोना से प्राथमिक शिक्षा ही सर्वाधिक प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों के ड्रेस, जूता–मोजा, स्वेटर आदि के लिए धनराशि अभिभावक के खाते में भेजी जा रही है। अभिभावको को प्रेरित करके छात्र–छात्राओं को ड्रेस तैयार कराना सुनिश्चित करें। जनपद में स्कूल चलो अभियान रैली जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद से निकाली गयी जिसे राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 गिरीश चन्द्र यादव ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। रैली अल्फंस्टीनगंज, अटाला मस्जिद, शाही किला, चहारसू चौराहा व कोतवाली चौराहा होते हुए डायट परिसर में भव्य कार्यक्रम के रुप में परिवर्तित हुई। रैली के आगे–आगे आकर्षण रथ चल रहा था जिस पर बच्चे सवार थे और स्कूल चलो स्कूल चलो प्रेरणादायी गीत बजते चल रहे। रैली में परिषदीय विद्यालय के बच्चे, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाएं, शिक्षक व शिक्षिकाए चल रही थी तथा हाथों में स्कूल चलो जागरूकता तख्ती के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। मा० मुख्यमंत्री जी का भाषण एवं स्कूल चलो अभियान के कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह का सजीव प्रसारण, डायट परिसर एवं प्रत्येक विद्यालयों में कराया गया। उसके उपरान्त डायट परिसर में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव व अपर जिला अधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों का बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर परिषदीय स्कूल के बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को प्रेरित किया तथा प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन के बच्चों ने देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप हमने कार्य करना आरंभ कर दिया तो बेसिक शिक्षा विभाग में आमूल चूल परिवर्तन होगा। बेसिक शिक्षा विभाग के सौदर्यीकरण का कार्य शुरू किया था वो सपना साकार होते हुए दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के मन में जागरूकता उत्पन्न हो रही है कि प्राइमरी से पढ़ा हुआ बच्चा भी डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बन सकता है। सभी अधिकारियों से कहा कि इस अभियान का परिणाम धरातल पर दिखना चाहिए। गांव–गांव अभियान चलाकर बच्चों का नामांकन कराया जाए, तन्मयता के साथ इस कार्य में लगे तो निश्चित रूप से बढ़त दिखाई पड़ेगी और मुख्यमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने में सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि बच्चो को शिक्षा के साथ संस्कृति एवं अपनी विरासत के बारे में बताया जाये। पेरेंट्स मीटिंग प्रत्येक 03 महीने में कराना सुनिश्चित करें और खेल–पढ़ाई में प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाया जाये तथा बच्चों को अपनी पौराणिक चीजों के बारे में जानकारी प्रदान की जाये। मा0 राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने नारी शिक्षा एवं शत–प्रतिशत नामांकन करने की बात कही। बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा जनपद के एमडीएम, कायाकल्प, नामांकन और जनपद की शैक्षिक उपलब्धि की विस्तार से जानकारी दी। मा0 राज्यमंत्री के द्वारा 05 उत्कृष्ट कायाकल्प करने वाले ग्राम प्रधान, 05 एसएमसी अध्यक्ष, 05 उत्कृष्ट शिक्षक, 05 उत्कृष्ट अभिभावक, सत्र 2021–22 में 05 सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, कम्पोजिट विद्यालय उदपुर गेल्हवा, प्राथमिक विद्यालय खान अकबर, प्राथमिक विद्यालय सिद्धिकपुर के बच्चो का सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी भू0–राजस्व रजनीश राय, सिटी मजिस्ट्रेट अनिल अग्निहोत्री, जिला विद्यालय निरीक्षक आर0के0 पंडित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने परिषदीय विद्यालय के बच्चों के साथ मध्यान भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समस्त जिला समन्वयक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी, एसआरजी, एआरपी, समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं के साथ कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी शैलेश चतुर्वेदी एवं नुपुर श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## हत्या के मुकदमें में वांछित 50000 रुपये के इनामी अभियुक्त ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कार्यालय में आकर किया आत्मसमर्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत माफियाओं व अपराधियों में भय का माहौल उत्पन्न है। इसी के तहत सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया गया था कि वह अपने–अपने थानाक्षेत्र में लूटध्डकैतीध्चोरीध्अन्य अभियोगों में जेल से जमानत पर बाहर आये अभियुक्तों का सत्यापन सुनिश्चित करें व उन पर सतर्क दृष्टि बनाएं रखे। पुलिस की कार्यवाही से भयभीत होकर खुटहन थाना क्षेत्र के हत्या में वांछित 50 हजार के इनामी अभियुक्त रवि तिवारी उर्फ वीरे पुत्र अखिलेश तिवारी निवासी ग्राम चौबाहा थाना सरपतहां जौनपुर ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर कार्यालय में जाकर आत्मसमपर्ण कर दिया। रवि तिवारी एक शातिर अभियुक्त है इसके ऊपर लगभग ढेर दर्जन मुकदमे दर्ज है, खुटहन के हत्या के मुकदमे में वांछित है, डीआइजी रेंज अयोध्या महोदय द्वारा इसके ऊपर पचास हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु भेज दिया गया है। अपराधिक इतिहास– रवि तिवारी उर्फ वीर तिवारी उर्फ वीरे पुत्र अखिलेश चन्द्र तिवारी निवासी चौबहा थाना सरपतहां, जौनपुर। 1. मु0अ0स0 766/11 धारा 323/504/325 भादवि0 थाना सरपतहां जौनपुर। 2. मु0अ0स0 353/13 धारा 147/148/323/504/506/452/336 भादवि0 व 7 cla act थाना सरपतहां जौनपुर। 3. मु0अ0स0 160/14 धारा 147/354/452/323/427/435/436 भादवि0 थाना सरपतहां। 4. मु0अ0स0 153/14 धारा 3(1) गुण्डा अधिनियम। 5. मु0अ0स0 413/17 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना सरपतहां जौनपुर। 6.



मु0अ0स0 167/18 धारा 323/504/506/384 भादवि0 थाना सरपतहां जौनपुर। 7. मु0अ0स0 204/18 धारा 307 भादवि0 थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 8. मु0अ0स0 206/18 धारा 41/411/419/420/467/468/471 भादवि0 थाना अखण्डनगर सुल्तानपुर। 9.मु0अ0स0 238/18 धारा 392 भादवि0 थाना मोतिगरपुर सुल्तानपुर। 10. मु0अ0स0 73/19 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अखण्डनगर जिला सुल्तानपुर। 11. मु0अ0स0–96/19 धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना मोतिगरपुर सुल्तानपुर। 12. मु0अ0स0 236/19 धारा 147/ 148/149/ 323/504/506/307/386 भादवि0 व 7 CLA ACT थाना सरपतहां जौनपुर। 13. मु0अ0सं0 79/21 धारा 307 भादवि0 थाना सरपतहां जौनपुर। 14. मु0अ0सं0 .../20 धारा 3(1) गुण्डा अधि0 थाना सरपतहां जौनपुर। 15. मु0अ0सं0 80/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जौनपुर। 16. मु0अ0सं0 31/21 धारा 302 भादवि0 थाना खुटहन जौनपुर। 17. मु0अ0सं0–22/22 धारा 386/387/393 भादवि0 थाना करौंदीकला सुल्तानपुर।

## 'सीड्स ऑफ इनोसेंस' ने लखनऊ में अत्याधुनिक आईवीएफ आनुवंशिक टेस्टिंग और भ्रूण चिकित्सा फैसिलिटी का किया अनावरण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : हर एक व्यक्ति तक अंतर्राष्ट्रीय मानक का प्रजनन उपचार उपलब्ध कराने के लिए भारत के 8 राज्यों मे 15 सेन्टर वाले प्रमुख आईवीएफ सेन्टर चेन सीड्स ऑफ इनोसेंस ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपना पहला और सबसे बड़ा अत्याधुनिक फर्टिलिटी सेंटर (प्रजनन केंद्र) का उद्घाटन किया। इससे प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में नाकाम रहने वाले दंपत्तियों को आशा की एक नई किरण मिलेगी। इस सेक्टर में सीड्स ऑफ इनोसेंस की रोड मैप योजना गुणवत्ता कंसल्टेशन और बांझपन का विश्वसनीय इलाज कराने के इच्छुक युवा दंपत्तियों को प्रजनन सम्बंधी सुविधाएं प्रदान करना है। सीड्स ऑफ इनोसेंस का लखनऊ का सेंटर निःसंतान दंपत्तियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह सेन्टर दूसरे शहरों में इलाज के लिए भटकने वाले लोगों को उत्तर प्रदेश में ही उनकी समस्या का समाधान देगा। 5/5 पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226001 में स्थित सीड्स ऑफ इनोसेंस का फर्टिलिटी सेन्टर दूरदर्शी और प्रसिद्ध आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ गौरी अग्रवाल के दिशा निर्देश में स्थापित किया गया है। वह सीड्स ऑफ इनोसेंस की सह–संस्थापक भी हैं। नया फर्टिलिटी सेंटर अत्याधुनिक तकनीक के साथ–साथ विशेषज्ञों की एक मल्टी– डिस्प्लीनरी टीम से लैस है। इस सेन्टर में भ्रूण चिकित्सा और आनुवंशिक परीक्षण की सुविधा भी शामिल है। लखनऊ में शुरू की गई यह नई फैसिलिटी इस क्षेत्र में बांझपन इलाज के एक समर्पित फैसलिटी, उपचारक और काउंसलर के रूप में कार्य करने के लिए तैयार है। सेंटर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस दौरान यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, दिल्ली–छब्ब् के चेयरमैन डॉ दिनेश अरोड़ाय यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, दिल्ली–छब्ब् के ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ शशि अरोड़ाय यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स,दिल्ली–छब्ब् के ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ रजत अरोड़ा और सीड्स ऑफ इनोसेंस तथा जेनेस्ट्रिंग डायग्नोस्टिक की को–फाउंडर और डायरेक्टर डॉ गौरी अगर्वाल उपस्थित थी। मंत्री जी ने बांझपान और इसके इलाज के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सीड्स ऑफ इनोसेंस की सराहना करते हुए कहा, "उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नया सेन्टर सामान्य रूप से बांझपन की चिंताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। मुझे विश्वास है कि डॉ. गौरी की देखरेख में सीड्स ऑफ इनोसेंस राज्य में शानदार काम करेगा।" सेंटर को चिकित्सा बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को विश्वव्यापी मानकों के अनुसार बनाया गया है। यह सेन्टर असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजीज, इनफर्टिलिटी ट्रीटमेंट, हाई–रिस्क प्रेग्नेंसी केयर और जेनेटिक टेस्टिंग में माहिर है। इस आईवीएफ सेन्टर में एक समर्पित भ्रूण चिकित्सा विभाग के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय हॉलमार्क चिकित्सा तकनीक जैसे प्रीमिय मई 10 अल्ट्रासाउंड



उपकरण भी हैं, जो असाधारण भ्रूण हृदय उपकरण और विशेष जांच करते हुए बेहतर इमेज क्लियरटी (छ विस्पष्टता) और रंग से मुश्किल केसेस का समाधान प्रदान करता है। यह अपनी तरह का पहला सेंटर है जो भ्रूण के लिए एडवांस जेनेटिक डायग्नोसिस सुविधाएँ जैसे कि प्री इम्प्लांटेशन जेनेटिक स्क्रीनिंग (पीजीएस) और प्री इम्प्लांटेशन जेनेटिक डायग्नोसिस (पीजीडी) आनुवंशिक बीमारियों या डाउन सिंड्रोम, थैलेसीमिया, सिकलसेल, भ्रूण में गुण सूत्र सम्बन्धी बीमारी और इसी तरह के अन्य वंशानुगत आनुवंशिक बीमारी का पता लगाता है। डॉ गौरी अग्रवाल जी ने इस बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, "भारत की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है, इसलिए बांझपन, इसके कारणों और इलाजों के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण हो गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में रिसर्च और टेक्नोलाजी में कई अविष्कार हो रहे हैं। इन अविष्कारों से हमारे देश को लाभ पहुंच सकता है। आज हम सिलोस में आईवीएफ से संपर्क नहीं कर सकते हैं और इसके बजाय एक मल्टी–डिस्प्लीनरी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। आनुवंशिक टेस्टिंग फैसलिटी की जरुरत के अलावा हमने एक भ्रूण कल्याण कार्यक्रम भी शुरू किया है, जो एडवांस आईवीएफ सॉल्यूशन ऑफर करने वाला एक व्यापक सेंटर बन रहा है। सेंटर यूनीक अल्ट्रासाउंड सेवाएं प्रदान करेगा जैसे कि भ्रूण डॉपलर स्कैन और नॉन स्ट्रेसटेस्ट, भ्रूण इकोकार्डियोग्राफी और अन्य आनुवंशिक असामान्यताओं और भ्रूण में अनियमित खून का प्रवाह और प्रतिबंधित भ्रूण वृद्धि जैसी सामान्य चिंताओं के खतरे को खत्म करने में मदद करेगा।" यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, दिल्ली–छब्ब् के ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ रजत अरोड़ा ने इस बाबत अपनी राय देते हुए कहा, "सीड्स ऑफ इनोसेंस, नेहरू नगर, गाजियाबाद में स्थित यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ग्रुप की एक शाखा है। इसका उद्देश्य कई तरह के प्रजनन इलाज उपलब्ध कराने के अलावा ज्यादा खतरे वाली गर्भावस्था का अच्छे से देखभाल प्रदान करना है। 2017 में यह देश का पहला आईवीएफ सेंटर था जिसमें इन–हाउस जेनेटिक टेस्टिंग परीक्षण लेबोरेटरी थी। मुझे विश्वास है कि लखनऊ का यह सेंटर सभी प्रकार के बांझपन और खतरे वाले गर्भधारण को संभालने के लिए बेहतर संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, जिसमें अंडर लाइंग बीमारी, पहले हो चुकी खराब गर्भावस्था या संदिग्ध या ज्ञात भ्रूण संबंधी कठिनाइयाँ को हल किया जायेगा। नया सेंटर उत्तर प्रदेश राज्य के टियर 2 और टियर 3 शहरों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए पूर्वी क्षेत्र में गहरी पैठ बनाने के लिए प्रयासरत रहेगा।" लखनऊ का यह सेंटर इस राज्य में तीसरी ऐसी फैसलिटी है। लखनऊ के अलावा गाजियाबाद में एक और मेरठ में एक सेंटर पहले से चल रहा है। वर्तमान में देशभर में ऐसे 15 से ज्यादा ऐसे सेंटर सीड्स ऑफ इन्नोसेंस द्वारा चलाये जाते हैं।

## 20 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना अंतर्गत पुलिस ने रविवार रात 20 हजार रूपये का इनामियां लूट व गैगेस्टर का वांछित अभियुक्त को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है।इसके कब्जे से तमंचा कारतूस चोरी की मोटरसाइकिल व गांजा बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय शाहनी द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी श्री शुभम तोदी केराकत के नेतृत्व में जलालपुर की टीम द्वारा लूट व गैगेस्टर का 20 हजार रूपये का इनामिंया वांछित अभियुक्त बृजेश राजभर पुत्र प्यारेलाल राजभर निवासी करीमुल्लापुर थाना शादियाबाद, जनपद– गाजीपुर को पुलिस मुठभेंड में गिरफ्तार किया गया । पुलिस के अनुसार पुलिस टीम द्वारा रविवार रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लूट व गैगेस्टर का वांछित अभियुक्त परदेश भागने की फिराक मे है और अगर जल्दी की जाय तो उसको पकडा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर के पुलिस की टीम द्वारा असबरनपुर गांव के पास पहुचकर उक्त अभियुक्त के आने का इन्तजार करने लगे तभी वहां से तेज रफ्तार में एक व्यक्ति बाइक से बस्ती की तरफ से आते दिखाई दिया पुलिस द्वारा इनको रोकने का प्रयास करने पर बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। उक्त फायरिंग से प्रभारी निरीक्षक जलालपुर की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी। थाना प्रभारी जलालपुर द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में बदमाश के बांये पैर मे गोली लगी जिससे बदमाश घायल होकर गिर पडा। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से बीएचयू ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।सोमवार को इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी केराकत शुभम तोदी ने बताया कि



पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान जलालपुर थाने का वांछित लूटेरा अपराधी जिसके ऊपर पूर्व में 20 हजार रुपए के इनामी बृजेश राजभर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है । इसके ऊपर पूर्व में दर्जनों मुकदमे वांछित है। इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## संत समागम में शामिल हुए भक्तगण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व साधु परिषद के संयोजन में डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में पंडरिया, करनैलगंज, जनपद गोंडा, उत्तर प्रदेश में संत समागम संपन्न



हुआ। संत समागम में चंद्रिका दास, भैरव दास ,सांवल दास ,संत दास , लक्ष्मण दास , भीम दास ,हरि ओम दास ,मुन्ना दास, जयराम दास, राम चरण दास एवं प्रभुदास प्रभृति संतो ने भाग लिया।

## कल्याण सेवा हॉस्पिटल में कोविड–19 वैक्सीनेशन कैंप आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री कालेश्वर जन सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित कल्याण सेवा हॉस्पिटल एंड आई सेंटर हंस खेड़ा रोड गायत्री विहार नियर साईं मंदिर पारा लखनऊ में नवरात्रि के शुभ अवसर पर कोविड–19 वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें पारा क्षेत्र के लोगों ने वैक्सीनेशन कराया। उक्त जानकारी डायरेक्टर डॉक्टर एस के मिश्रा ने दी।

## सरकारी जमीन से अवैध निर्माण हटवाया : एसडीएम के आदेश पर लेखपाल ने की कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ताहिरपुर में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को उपजिलाधिकारी हिमांशु नागपाल के आदेश पर ग्राम पंचायत के लेखपाल ने मौके पर आकर अवैध निर्माण को रोकवाते हुए हो चुके निर्माण को हटवाया। ग्राम वासियों द्वारा उक्त मामले की जानकारी उपजिलाधिकारी सदर को दी गई कि ग्राम पंचायत ताहिरपुर की नवीन परती की जमीन पर गांव निवासी पिंटू शुक्ल पुत्र प्यारेलाल शुक्ल अवैध निर्माण कर रहा है।उपजिलाधिकारी ने मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर लेखपाल को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को रोकने और खाली कराने का आदेश दिया। जिसके अनुपालन में लेखपाल ने कार्रवाई की।

## शोसल मिडिया पर हिन्दू देवी देवताओं की अश्लील फोटो डालने वाले दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिन्दू देवी देवताओं के खिलाफ अश्लील फोटो शोसल मिडिया पर डालने वाले दो लोगो के खध्लिाफ मीरगंज थाना मे मुकदमा दर्ज किया गया है एक दिन पहले जनसेवा कल्याण संघ के कार्यकर्ताओ ने पुलिस को पत्रक सौप कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। सोसल मिडिया पर हिन्दू देवी देवताओं की अश्लील फोटो डालने वालो के खिलाफ ग्राम पंचायत सेमरी के भोगीपुर निवासी रोहित तिवारी ने जनसेवा कल्याण संघ की तरह से अपने साथियों सहित मीरगंज पुलिस को पत्रक सौप करके दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी इसका पत्रक थाने के उप निरिक्षक जनार्दन यादव सौपा गया था जिसपर मीरगंज पुलिस ने मीरगंज थाना के सेमरी भोगीपुर निवासी महेन्द्र हरिजन पुत्र अमरनाथ हरिजन तथा वेद प्रकाश गौतम पुत्र मिश्रपाल गौतम ग्राम जतपुरा बगराई थाना सांडी जिला हरदोई के खिलाफ 295 क 504 आईपीसी 67 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट)के तहत हिन्दू देवी देवताओ की अश्लील फोटो सोलल मिडिया पर वायरल करने की धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिह ने बताया की हिन्दू देवी देवताओं की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर डालने वालो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जिंदगी में आनें वाली परिस्थितियों से लड़ना है, लाड़ नहीं करना है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान का सियासी संकट : सारी निगाहें फौज पर

इमरान खान ने भले ही अमेरिका पर उंगली उठाई हो, लेकिन पाकिस्तान की सेना अमेरिका को नाराज नहीं करना चाहती है। ताजा मामले में पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान ने अभी तक सीधे दखल नहीं दिया है, लेकिन वह वहां के हालात के और बदतर होने का इंतजार कर रहा है।

रविवार की सुबह दुनिया भर निगाहें पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इमरान खान के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लगी हुई थीं और लोग इमरान खान की सरकार के भविष्य के बारे में कयास लगा रहे थे, लेकिन नेशनल एसेंबली के डिप्टी स्पीकर ने अविश्वास प्रस्ताव को ही विदेशी साजिश के आधार पर असांविधानिक बताकर खारिज कर दिया। उसके तुरंत बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने न केवल राष्ट्रपति को संसद भंग करने की सलाह दी, बल्कि राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बताया कि अमेरिका के साथ विपक्षी पार्टियां हमारे खिलाफ साजिश कर रही थीं। असल में इमरान खान ने चतुर राजनेता की तरह एक सोझी–समझी चाल चली है, क्योंकि वह जानते हैं कि पाकिस्तान के लोगों को अब अमेरिका फूटी आंखों भी नहीं सुहाता है। इसलिए इमरान खान ने सोच–समझकर अमेरिका का नाम लिया है कि वही मुल्क के भ्रष्ट विपक्षी नेताओं के साथ साजिश करके हमारी सरकार को गिराना चाहता था। लेकिन कोई विदेशी मुल्क नहीं, बल्कि पाकिस्तान की जनता यह तय करेगी कि पाकिस्तान में कौन शासन करेगा।

उधर अमेरिकी भी जानते हैं कि अफगानिस्तान में तालिबान ने नहीं, बल्कि पाकिस्तान ने ही अमेरिका की नाक कटवाई है। अमेरिका जानता है कि तालिबान भी पाकिस्तान का ही पाला–पोसा हुआ है। इसलिए अब अमेरिका पाकिस्तान को सहायता भी नहीं देता है। लेकिन पाकिस्तान ऐसा मुल्क है, जो हमेशा किसी न किसी मुल्क की मदद के भरोसे रहता आया है। अपने बूते वह कुछ नहीं करना चाहता। पहले वह अमेरिकी आर्थिक मदद के लिए मोहताज रहता था, अब वह चीन से पैसे ले रहा है। लेकिन यहां यह बात ध्यान में रखनी होगी कि पाकिस्तान की सेना अमेरिका को नाराज नहीं करना चाहती है, क्योंकि पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों का काफी कुछ अमेरिका में दांव पर लगा है। उनके बच्चे अमेरिका में रह और पढ़ रहे हैं, उनके पास अमेरिकी ग्रीन कार्ड हैं और वहां कई जनरलों के व्यवसाय चल रहे हैं। इसलिए फिलहाल चुप दिख रही पाकिस्तान की सेना आगे कौन–सा कदम उठाती है, यह देखने वाली बात होगी।

जहां तक चीन के साथ पाकिस्तान की दोस्ती की बात है, तो उन दोनों के बीच दोस्ती की शुरुआत 1963 से ही शुरू हो गई थी। मार्च, 1963 में पाकिस्तान ने पीओके के गिलगित–बालटिस्तान का एक इलाका चीन को उपहार में दे दिया था, जहां चीन ने सड़कें और रेल लाइन बना ली हैं। गिलगित–बालटिस्तान में चीन एक कॉरिडोर बना चुका है, जिसे चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा कहा जाता है और उस गलियारे को ग्वादर पोर्ट से जोड़ने की चीन की योजना है। चीन हमेशा से चाहता है कि पाकिस्तान भारत को परेशान करता रहे, ताकि भारत आगे न बढ़ सके। पाकिस्तान के इस ताजा घटनाक्रम से भारत में कुछ भी बदलने वाला नहीं है, क्योंकि वहां सरकार चाहे किसी भी आए, वह भारत के लिए मुश्किलें ही खड़ी करती रहेगी। लेकिन जब तक पाकिस्तान में यह उथल–पुथल चलती रहेगी, तब तक भारत के लिए यह अच्छा ही रहेगा। जैसे ही पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आती है, वह भारत के खिलाफ साजिशें रचने लगता है और भारत विरोधी कार्रवाई को बढ़ावा देने लगता है।

भारत में जो लोग यह सोचते हैं कि पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में सेना का शासन पर कब्जा हो जाएगा, तो यह ठीक नहीं होगा, उन्हें यह सोचना चाहिए कि पाकिस्तान के साथ जब–जब हमारा कोई समझौता हुआ है, वह सैन्य नेतृत्व ने ही किया है। वहां की असैन्य सरकारों से भारत को कुछ भी नहीं मिला है। चाहे वह सिंधु जल बंटवारे का समझौता हो या नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का समझौता हो, सब में वहां के सैन्य नेतृत्व की ही प्रमुख भूमिका रही है। भले ही इमरान खान ने कहा हो कि सेना ने नहीं, भ्रष्ट विपक्षी पार्टियों ने विदेशी ताकत के साथ मिलकर उन्हें सत्ता से हटाने के लिए साजिश रची, लेकिन यह बात जग जाहिर है कि सेना इमरान खान सरकार से नाराज चल रही है। इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान की राजनीति में वहां की सेना की बड़ी भूमिका रहती है और इमरान खान की सरकार बनी भी इसलिए कि सेना की उन्हें मदद मिल रही थी। भले ही ताजा मामले में पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान ने अभी तक सीधे दखल नहीं दिया है, लेकिन वह वहां के हालात के और बदतर होने का इंतजार कर रहा है, ताकि वहां की अवाम खुलकर सेना से कहे कि इन राजनेताओं से मुल्क नहीं संभलने वाला, आप ही मुल्क संभालो। पाकिस्तान में जब भी सेना ने सत्ता पर कब्जा किया है, तो वह वहां की जनता के इशारे पर ही किया है।

इमरान जो बार–बार विपक्षी पार्टी के नेताओं को भ्रष्ट बता रहे हैं, उसके भी निहितार्थ हैं। वाकई में वहां के राजनेता भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं। लेकिन इमरान खान पर या उनकी सरकार पर अभी तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। बहुत संभव है कि इमरान खान बार–बार विपक्षी नेताओं को भ्रष्ट बताकर पाकिस्तानी जनता को यह संदेश देना चाहते हों कि अब आपको ही सोचना है कि मुल्क की जिम्मेदारी इन भ्रष्ट लोगों के हाथों में सौंपनी है या एक ईमानदार नेता के हाथों में। इसलिए ऐसा बयान देते हुए उन्होंने जनता से कहा है कि वे चुनाव की तैयारी शुरू कर दें।

बेशक पाकिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री इमरान खान की संसद भंग करने की सिफारिश को मंजूरी दे दी है, लेकिन अभी इस खेल में कई पेच हैं। समाज के विभिन्न हलकों से इमरान खान की आलोचना होने लगी है और इसे संविधान का उल्लंघन बताया जा रहा है। लोगों ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को दखल देने और पाकिस्तान को मौजूदा संकट से बाहर निकालने की अपील की है।

ऐसी भी खबरें हैं कि नेशनल असेंबली भंग किए जाने के बाद पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत के जजों को अपने आवास पर बुलाया है। उधर पाकिस्तान के डिप्टी अटॉर्नी जनरल राजा खालिद ने इस्तीफा देते हुए कहा है कि 'इमरान खान सरकार ने पाकिस्तान के संविधान के साथ छेड़छाड़ की है। इमरान खान ने संविधान के साथ जो किया, वैसा किसी तानाशाह ने भी नहीं किया था। जो कुछ भी हुआ, वह अवैध और असांविधानिक है। ऐसी भी चर्चा है कि सेना वहां राहिल शरीफ को राष्ट्रपति बनाना चाह रही है। इसलिए अभी आगे–आगे देखिए कि होता है क्या!

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# लायंस क्लब क्षितिज ने मनाया हिंदी नववर्ष व भव्य डांडिया महोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज द्वारा हिंदी नववर्ष व चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य डांडिया महोत्सव का आयोजन शहर के एक लॉन में किया गया, जिसमें शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने शिरकत कर हिन्दू नववर्ष व डांडिया महोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत लायन संजय गुप्ता दवारा माँ की आरती गाकर व विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल 321ᴹ के उप मंडलाध्यक्ष सौरभ कांत जी व राजुल श्रीवास्तव, संस्थाध्यक्ष जय कृष्ण साहू व चेतना साहू, संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू व यवनिका सिंह, जोन चेयरपर्सन दिलीप सिंह व अर्चना सिंह, सचिव प्रदीप सिंह व नीतू सिंह, कोषाध्यक्ष अजीत सोनकर व सुषमा सोनकर, उपाध्यक्ष विष्णु सहाय व सीमा सहाय, डायरेक्टर अतुल सिंह व आराधना सिंह आदि ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात वृंदावन से आई झांकी ने राधा कृष्ण की झांकी व वृंदावन के फूलों की होली से लोगो का मन मोह लिया, इसके साथ ही संस्था की महिलाओं दवारा माँ दुर्गा के चरणो में भव्य डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव जी (खेल व युवा कल्याण) ने कहा कि लायंस क्लब क्षितिज ने बहुत ही कम समय में सेवा और सामाजिक कार्यो में बढ़–चढ़ हिस्सा लेकर समाज में अपना अलग स्थान बनाया है। इसके साथ ही उन्होंने क्लब के इसी तरह आगे बढ़ने की मंगल कामना की। विशिष्ट अतिथि डॉ क्षितिज शर्मा ने कहा कि मै जब भी इस संस्था में आता हूँ, सदस्यों को एक नई ऊर्जा से भरा हुआ पाता हूँ और जितने कम समय में इस संस्था ने पूरे डिस्ट्रिक के ८४ क्लब्स के बीच में अपना अलग स्थान बनाया है वह काबिलेतारीफ है। विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब के उप मंडल अध्यक्ष सी.ए. सौरभ कांत जी ने कहा कि जो सेवा भाव और समर्पण कि भावना लायंस क्लब क्षितिज के सदस्यों अंदर दिखाई देती है वह आज तक मैंने किसी भी अन्य क्लबों में नहीं देखा। इस संस्था




ने आगे और अच्छा करने के लिए सभी क्लबों के लोगो को प्रेरित किया। समारोह के अंत में डांडिया में प्रतिभाग किये लोगो को अवार्ड दिए गए। जिसमे बेस्ट कपल डांस के लिए लायन विशाल बरनवाल और एकता बरनवाल को व बेस्ट मेल डांस के लिए विवेक शेठी को प्रथम व अमिताभ गुप्ता को द्वितीय पुरस्कार व बेस्ट फीमेल डांस के लिए प्रिया सिंह को प्रथम पुरस्कार व दीपशिखा को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। इसी क्रम में बेस्ट ड्रेसअप मेल के लिए आशीष सिंह को व बेस्ट ड्रेसअप फीमेल के लिए आकांक्षा द्विवेदी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय गुप्ता व अवनींद्र तिवारी ने किया। अंत में लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष जय कृष्ण साहू जी ने कहा कि हिंदू भारतीय संस्कृति के अनुसार नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिन्दू नववर्ष प्रारंभ होता है इस दिन से चौत्र नवरात्रि का 9 दिन का महापर्व का भी प्रारंभ होता है और इसी दिन से सभी तरह के नए कार्य प्रारंभ किए जाते हैं। चूंकि इस दिन से संपूर्ण भारत का नववर्ष प्रारंभ होता है इसीलिए हमें हिंदू नव वर्ष बड़े धूमधाम से मनाना चाहिए साथ मे आये हुए सभी अथितियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ बीएस उपाध्याय, ब्रम्हेश शुक्ला, पंडित रजनीकांत द्विवेदी, निशा कांत द्विवेदी, शिवेन्द्र सेठ, सुनील जायसवाल, सुनील कुमार कनौजिया, विनय बरौतिया, वैभव श्रीवास्तव, संजय जयसवाल, सर्वेश जयसवाल, राजीव गुप्ता, नितीश सिंह, नीरज सिंह, मनीष मौर्य, डॉ प्रशांत द्विवेदी, डॉ चंदन गुप्ता, अचल साहू, अजय पाल, आनंद साहू, अतुल चतुर्वेदी, दीपक साहू, देवानंद, देवेंद्र सिंह पिंकू, देवेश जी वैश्य, धर्मेंद्र सेठ, दिलीप जयसवाल, के साथ नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चंद्र त्रिवेदी का हुआ भव्य स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की हरदोई इकाई द्वारा स्थानीय आरआर इंटर कॉलेज के सभागार में 'नवसंवत्सर पर एक बृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश' का भव्य नागरिक अभिनन्दन हुआ। डॉ. त्रिवेदी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर बोलते हुए परिषद की मन्त्री डॉ. (श्रीमती) शीला पाण्डेय ने कहा कि त्रिवेदी जी अल्लीपुर महाविद्यालय के प्रबन्धक, प्रदेश के कई बहावों के संचालक व ऐसे ही अनेक सामाजिक सेवा से जुड़े विद्वान् समर्पित हैं। कार्यक्रम के इस अवसर पर सम्मान साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त महामन्त्री डॉ. पवन पुत्र बादल, प्रदेश संयुक्त महामन्त्री डॉ. शिवमंगल सिंह 'मंगल', अवध प्रान्त के अध्यक्ष विजय उपाध्यक्ष उमेश शुक्ल, सहमहामन्त्री डॉ. प्रचार मन्त्री सर्वेश पाण्डेय विधि, हरदोई इकाई के अध्यात स्वरूप पाण्डेय महामन्त्री डॉ. ईश्नर चन्द्र वर्मा मंच पर उपस्थित रहे। अभिनन्दन में जनपद की प्रमुख संस्थाओं के अध्यक्षों द्वारा निवे माल्यार्पण किया गयाय अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र, पुस्तक भेट किए गए। इस विस्तृत कार्यक्रम में जनपद के राष्ट्रीय स्वयं



सेवक सं बजरंगदल, विश्व हिन्दू परिषद, विद्वत्परिषद, अल्लीपुर महाविद्यालय स्टाणव 'संवेदना' संस्था सदस्यों सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भारतीय परिप्रेक्ष्य में 'नवसंवत्सर' के माहात्म्म परोहास्वरूप पण्डिम, डॉ. ईश्वर चन्द्र वर्मा, डॉ. पवन पुत्र बादल, डॉ. शिवमंगल सिंह 'मंगल' विजय त्रिपाठी ने विस्तार से अपने विचार रखे। मंच संचालन अवध प्रान्त के मन्त्री सुशील कुमार वर्मा ने किया। डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय साहित्य परिक्षा को उन्नति के शिखर पर ले जाने का आवाहन किया। समापन राष्ट्रगीत से हुआ।

## रेल डाक सेवा में हनुमत् कृपा पत्रिका से मैगजीन पोस्ट का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के चारबाग रेलवे स्टेशन पर स्थित आरएम एस ओ मंडल कार्यालय में डाक विभाग की नयी सेवा मैगजीन पोस्ट का रेल डाक सेवा के प्रवर अधीक्षक आलोक ओझा ने डाक व रेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में उदघाटन किया. मैगजीन पोस्ट सेवा के शुभारम्भ में लाल फीता काटा गया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर नारियल फोडा कर प्रसाद वितरित किया गया.प्रवर अधीक्षक श्री ओझा ने बताया कि इस सेवा के तहत आरएनआई पंजीकृत ग्राहक ही अपनी पत्रिका को उत्तर प्रदेश में आठ रुपये तथा देशभर में सिर्फ 12 रुपये में बुक करा कर भेज सकेंगे. उन्होंने बताया कि इस सेवा के तहत पत्रिकाओं की सहज बुकिंग, ट्रैक और ट्रेस सुविधा, सुरक्षित एवं त्वरित वितरण किया जाएगा. मैगजीन पोस्ट सेवा का श्रीआरम्भ आध्यात्मिक मासिक पत्रिका ' हनुमत् कृपा ' की प्रतियां बुक करके किया गया. हनुमत् कृपा के संपादक नरेश दीक्षित को मैगजीन सेवा के प्रथम लाभार्थी होने का सौभाग्य मिला.



संपादक श्री दीक्षित ने इस सेवा के लिए डाक विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि पत्रिका के पाठक अब आसानी से ट्रैक और ट्रेस कर सकेंगे. इससे त्वरित वितरण प्रतिशत भी अच्छा होगा और पाठक भी संतुष्ट रहेंगे.उदघाटन मौके पर प्रवर डाक अधीक्षक सुशील तिवारी, सहायक निदेशक ए. पी अस्थाना, एनएसएच प्रबंधक हरी शंकर लाल,परिमण्डलीय कार्यालय के सहायक निदेशक सुनील सक्सेना, आरएमएस के सहायक अधीक्षक बी. पी. सिंह, एस. के अवस्थी, श्रीमती रतना वर्मा, श्रीमती कोमल दयाल, राजीव मिश्र, दिनेश दीक्षित समेत अन्य सहयोगी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# हिन्दू युवा वाहिनी महासभा द्वारा चंद्रिका मंदिर वाराणसी कैंट पर किया गया यज्ञ का कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा नवरात्र के दूसरे दिन पर महासभा द्वारा यज्ञ का कार्यक्रम चंद्रिका मंदिर कैंट पर किया गया ।साथ ही पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समाज सेवा के बारे चर्चा भी किया गया है। इस अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी त्रिलोक राम शत्रीय जी मंदिर के पुजारी महंत मंगला प्रसाद पांडे जी प्रमोद बेन वंशी योगी सेवक, रामनगर के राजा के दामाद डॉक्टर अशोक सिंह डॉ शोभ नाथ जी डॉ अश्वनी सिंह डॉ प्रदीप पाण्डेय, डॉ जे पी बेन वंशी , डॉ राजू बेन वंशी, विक्रम सेगल जी, डॉ रोहित सिंह, डॉ सुनील कुमार गौतम जीवक हॉस्पिटल के प्रबधक दिनेश गुप्ता , अभिदीप श्रीवास्तव बृजेश दुबे सुशील सिंह



नवीन सिंह सुनील सिंह जी ननेह सिंह अंतराष्टीय स्पोर्ट के कोच, विनोद भारद्वाज जी राम प्रसाद गुप्ता राजू मौर्य आशीष गौतम रोशन सभी लोगो शामिल हुए ।अंत मे हिन्दू युवा वाहिनी के योगी सेवक प्रमोद बेन वंशी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# पूर्वजों की परम्परा का सरंक्षण जरूरी : डां मनोज मिश्र

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।यूनियन के अध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और सचांलन डां कुवर यशवंत सिंह ने किया ।होली मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मुख्य राज्स्व अधिकारी रहे ।विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डां मनोज मिश्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया ।इस अवसर पर डां मनोज मिश्र नेहोली मिलन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए पूर्वजों द्वारा स्थापित परम्पराओं को सरंक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया ।उन्होंने चौता,बेलवइया फगुआ के प्रस्तुतिकरण से कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान किया ।इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य डां दिलीप सिंह ने पत्रकारिता के मानदंडों और होली के सामाजिक एवं वैज्ञानिक पहलू पर प्रकाश डाला ।व्यगंकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने सम सामयिक रचनाओं से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया ।विवेक मिश्र वरदान ने गीत प्रस्तुत किया ।सम्पादक आदर्श कुमार ने अपने सम्बोधन मे होली की परम्परा और सामाजिक मेल मिलाप की भावना को सशक्त करने की जरुरत बताई ।समाज सेवी संजय उपाध्याय और चन्द्र मणि पान्डेय आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर डां मनोज मिश्र को अंग वस्त्रम और अबीर गुलाल लगा कर सम्मानित भी किया गया ।अंत में विजय प्रकाश मिश्र ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर महामंत्री सन्तोष कुमार सोन्थालिया डां यशवंत गुप्ता



,सन्तोष श्रीवास्तव ,दीपक चिटकारिया ,दीपक मिश्रा, प्रेम प्रकाश मिश्रा, नन्द लाल मौर्य, ओमप्रकाश दूबे, लाल बहादुर यादव, जुबेर अहमद,रियाजुल हक, सन्तोष कुमार यादव, रजींत साहू,आलोक कुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, प्रेम प्रकाश राय ,सुधाकर शुक्ला, ओमप्रकाश यादव, अमरेश पान्डेय, अभिषेक शुक्ला,सुशील कुमार स्वामी, राम चन्द्र नागर, अरुण कुमार सिंह, मनीष गुप्ता, सचिन श्रीवास्तव,राजेश मिश्र ,देवेश मिश्र, सहित अनेक पत्रकार और साहित्यकार उपस्थित रहे ।इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

## डॉ डीसी मौर्या की अध्यक्षता में डॉक्टर अर्चना शर्मा के आत्महत्या को लेकर मीटिंग संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नीमा अध्यक्ष डॉ डीसी मौर्या की अध्यक्षता में डॉक्टर अर्चना शर्मा के आत्महत्या को लेकर मीटिंग



संपन्न हुई जिसमें नीमा (नेशनल मेडिकल एसोसिएशन) जौनपुर के सभी डॉक्टरों ने इस घटना की घोर निंदा की किसी भी डॉक्टर के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए मीटिंग में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ कमर अब्बास राकेश श्रीवास्तव डॉ सुधांशु श्रीवास्तव डॉक्टर दानिश डॉक्टर हेमचंद मोर आदि लोग उपस्थित रहे।

## जन उद्घोष सेवा संस्थान ने भारतीय नव वर्ष पर निकाली प्रभात फेरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रविवार को जन उद्घोष सेवा संस्थान ने भारतीय नवसंवत्सर 2079 के पर्व पर राजाजीपुरम में जन जागृति एवं जनसंपर्क यात्रा के रूप में एक भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया। सनातन भारतीय परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष भारतीय नव वर्ष का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है इसी दिन से चैत्र की नवरात्रि का प्रारंभ भी होता है इस वर्ष चौत्र नवरात्रि 2 अप्रैल से आरंभ हुई है। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने कहा कि चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को प्रारंभ होने वाला यह दिवस मात्र हमारा नव वर्ष ही नहीं बल्कि सृष्टि का जन्मदिवस भी है। इसी दिन 1 अरब 96 करोड़ 8 लाख 53 हजार 123 वर्ष पहले श्री ब्रह्मा ने सृष्टि का सृजन किया था। इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था और इसी दिन भारत वर्ष में काल गणना प्रारंभ हुई थी। अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने आगे बताया कि ईसा से 57 वर्ष पूर्व शकों के अत्याचारी शासन पर विजय प्राप्त कर विजय की स्मृति में सम्राट विक्रमादित्य ने विक्रम संवत का प्रारंभ किया था। दक्षिण भारत में इस पर्व को युगादि के नाम से मनाते हैं, महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा तो सिंधु प्रान्त में चेती चाँद और जम्मू कश्मीर में नौरोज के नाम से मनाया जाता है। जन उद्घोष सेवा संस्थान द्वारा समय समय पर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये अनेकों आयोजन किये जाते रहे हैं जिनमें समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। अध्यक्ष कुलदीप तिवारी ने बताया कि जिस प्रकार पूरा विश्व आज भारत की ओर टकटकी लगाए देख रहा है उससे स्पष्ट है कि भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और आवाहन किया कि अपनी भारतीय परम्पराओं को जानें तथा बच्चों में भी यही संस्कार डालें। संस्थान के मीडिया प्रभारी पं अनुराग मिश्र और त्रिनाथ शर्मा ने बताया की प्रभात फेरी का आयोजन भारतीय जनमानस में अपनी भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। प्रभात फेरी राजाजीपुरम के तड़ियन मंदिर से प्रारंभ होकर भुइयन देवी मंदिर तक निकाली गई उसके बाद सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन भी किया गया। प्रभात फेरी का पूरा माहौल भगवामय था। भाजपा महिला मोर्चा की रजनी मिश्रा व अन्य द्वारा रास्ते में कई जगह प्रभात फेरी रोककर भगवा ध्वज का पूजन व तिलक किया गया। सभी आस पास के लोग भी प्रभात फेरी में जुड़ते गए और अंत तक आते आते प्रभात फेरी ने भव्य रूप ले लिया। लोग हाथों में भगवा



झंडा लेकर सभी को नव बर्ष की शुभकामनाएं दे रहे थे। उक्त प्रभात फेरी के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश रिमोट सेंसिंग एंड एप्पलीकेशन सेंटर के चौयरमैन राज्य मंत्री सुधाकर त्रिपाठी ने कहा कि सनातन संस्कृति ही विश्व का मार्गदर्शन कर सकती है और हिंदुओं को आगे आकर ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में राम मंदिर केस से जुड़ी रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री, पार्षद शिवपाल सॉंवरिया, उपाध्यक्ष राकेश मोहन मिश्र, महासचिव दीपक शुक्ल, समाज सेवी सुरेश शुक्ला, अनूप मिश्र, आशीष शुक्ल, संजीव मिश्र,भुइयन देवी मंदिर के प्रबंधक मुन्ना पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोगों ने आयोजन में सहभागिता की।

## अंतर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर गैंग के 04 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुरः पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द की सख्ती के कारण अपने – अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय हुए थाना प्रभारियों की नियुक्त टीमों का क्षेत्र में भ्रमण शील रहने के कारण जहाँ जनपद में अपराधों की कमी आई है । वहीँ सक्रिय थाना कटरा पुलिस को चोरी की 09 बाइकों सहित चार चोरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक अनित कुमार , देशपाल सिंह एवँ शिवम यादव अपने हमराही हेडकांस्टेबल अजय राणा तथा आरक्षी नवीन कुमार , गौरव तोमर , राहुल कुमार , रोहित कुमार , मोहम्मद आमिर , अंकुर मलिक एवँ महिला आरक्षी जौली के साथ क्षेत्र में पड़ने वाले फीलनगर तिराहा पर रात्रि चौकिग के दौरान दो बाइकों पर आ रहे जनपद के थाना तिलहर के मोहल्ला हिन्दू पट्टी निवासी तौफीक एवँ मोहल्ला कांकड़ निवासी नाजिम एवँ मोहल्ला इमली निवासी शोएब तथा मोहल्ला दिलाजपुर निवासी अनस को चोरी



की दो बाइकों के साथ गिरफ्तार किया । पूछताछ करने पर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 07 और बाइकें एवँ एक बाइक के कलपुर्जे भी बरामद किये गये । तथा एक अन्य साथी थाना तिलहर के मोहल्ला इमली निवासी शादान का नाम भी प्रकाश में आया। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है । गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के बाद न्यायालय भेजा गया है।

## भारतीय नववर्ष के अवसर पर संस्कार भारती जौनपुर द्वारा किया गया उत्सव और भव्य आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय नववर्ष के अवसर पर संस्कार भारती जौनपुर द्वारा नव वर्ष उत्सव सं –2079 का भव्य आयोजन प्रतिमा विसर्जन घाट पर आयोजित किया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पअर्चन व दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर आरएन त्रिपाठी ,विशिष्ट अतिथि श्रीमती माया टंडन, दिनेश टंडन ,संस्कार भारती के प्रदेश अध्यक्ष सनातन कुमार दुबे जी व काशी प्रांत महामंत्री सुजीत कुमार के द्वारा संपन्न हुआ।. संस्था का ध्येय गीत डॉक्टर ज्योति दास ,नरेंद्र पाठक ,डॉक्टर प्रीति उपाध्याय ,मधुलिका व विवेक मिश्रा ने समवेत स्वर में किया. ।इसके पश्चात अतिथि परिचय व सभी अतिथियों को संस्था द्वारा अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया. स्थानीय कलाकार अभिषेक मयंक ने देवी गीत की प्रस्तुति की. हरियाणा कला परिषद ,हरियाणा से आए कलाकार पवन राज व साथी कलाकारों द्वारा गूंगा, धमोरा, खोरिया व भजन के माध्यम से उन्होंने हरियाणा की लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति की। कार्यक्रम में कोटा राजस्थान से पधारे श्री हरिहर बाबा जी जिन्हे तीन बार राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया गया, उनके द्वारा राजस्थान का प्रसिद्ध लोक नृत्य भवाई नृत्य के अनेक प्रकारों में से एक मटका नृत्य प्रस्तुत किया गया अपने जादुई कला के माध्यम से उन्होंने सभी अतिथियों व दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया. इसके पश्चात संस्था अध्यक्ष डॉ ज्योति दास का काव्य संग्रह 'सुनो तुम लौट आओ 'का विमोचन हुआ




तत्पश्चात अंतिम प्रस्तुति के रूप में उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के संयोजन से मथुरा के कलाकार श्री कुलदीप शर्मा व साथी कलाकारो द्वारा अपने गायन व विभिन्न लोक नृत्य जिनमें प्रमुख रूप से ब्रज की होली लठमार होली मयूर नृत्य एवं फाग व फूलों की होली से कार्यक्रम को एक नई ऊंचाई प्रदान की .सभी श्रोता दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे .सभी गणमान्य नागरिक एवं अतिथि वृंद ने अंत तक कार्यक्रम का आनंद लिया कार्यक्रम की समाप्ति समस्त कलाकारों एवं सहयोगी सदस्यों के सम्मान के साथ एवं सामूहिक वंदे मातरम गीत के साथ संपन्न हुआ ।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर ज्योति दास कमलेश जी व विष्णु गौड़ ने संयुक्त रूप से किया ।आभार ज्ञापन संस्था अध्यक्ष डॉ ज्योति दास ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ अरुण कुमार मिश्रा, डॉ रजनीश श्रीवास्तव ,डॉ स्मिता श्रीवास्तव , श्याम मोहन अग्रवाल, कृष्ण कुमार जयसवाल, रविंद्र नाथ, संजय अग्रहरी ,संजय अस्थाना,राकेश श्रीवास्तव ,संतोष सिंह ,अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।कार्यक्रम को सफल बनाने में महामंत्री अमित गुप्त, ऋषि श्रीवास्तव , राजेश किशोर , राज कमल, रविकांत जायसवाल अरुण केसरी , बाल कृष्ण साहू ,अवधेश श्रीवास्तव ,प्रदीप जिदि, अमरजीत, गुलाब राही का विशेष योगदान रहा।

## आगामी 6 से 14 अप्रैल तक के कार्यक्रम हेतु भाजपा ने की तैयारी बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पर हुई तैयारी बैठक, जिसमे आगामी कार्यक्रम को लेकर बनी रणनीति, पहला कार्यक्रम 6 अप्रैल को पार्टी की स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि सुबह 9 बजे पुष्पांजलि उत्सव स्थल पर झंडारोहण होगा उसके उपरान्त शोभायात्रा निकलेगी जो खरका कालोनी के पार्क में पहुँचकर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यार्पण कर खरका चौराहा पर पहुँचकर महात्मा गाँधी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उसकर बाद अम्बेडकर तिराहा पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा, उसके उपरान्त वहा से आगे विकास भवन में सरदार बल्लभ भाई पटेल के मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा फिर शहीद स्थल पर यात्रा पहुँचकर वहा पर शहीदों को नमन कर वापस कार्यक्रम स्थल पर शोभायात्रा समाप्त होगी। उसके उपरांत सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन एलईडी पर सुना जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि पार्टी ने माइक्रो डोनेशन का कार्यक्रम रखा गया है जो 6 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने आगे बताया कि पार्टी इसी बीच 6 अप्रैल से 14 अप्रैल सेवा सप्ताह मनाया जायेगा जो समरसता दिवस के रूप में 14 अप्रैल को पुष्पांजलि उत्सव स्थल में कार्यक्रम होगा और 6अप्रैल से 14 अप्रैल रक्तदान शिविर आईएमए हाल में लगेगा जहाँ



पार्टी के कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत देश के महापुरुषों के मूर्ति को और आसपास के स्थल को साफ करना है। 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया जायेगा जो जिला से लेकर मण्डल स्तर से लेकर बूथ स्तर पर होगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, सुरेन्द्र सिंघानिया, अभय राय, धनन्जय सिंह, विपिन द्विवेदी, आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, सिद्दार्थ राय, रोहन सिंह, नरेन्द्र उपाध्याय, रागिनी सिंह, दिव्यांशु सिंह, सुरेश धुरिया, मेराज हैदर, इन्द्रसेन सिंह, प्रदीप यादव, प्रमोद प्रजापति, संजीव गुप्ता, विकास ओझा, ऋषिकेश श्रीवास्तव, सुशांत चौबे, अवनीश यादव, अवनींद्र यादव मुन्ना गुप्ता आदि उपस्थित।

## नवरात्र में रात के समय की गयी उपासना से मिलती हैं यौगिक शक्ति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजकल अधिकांश उपासक शक्ति पूजा रात्रि के बजाय दिन में ही संपन्न कर देते हैं। सामान्य भक्त ही नहीं, पंडित और साधु–महात्मा भी अब पूरी रात जागना नहीं चाहते और न ही कोई आलस्य को त्यागना चाहता है। बहुत कम उपासक आलस्य को त्यागकर आत्मशक्ति, मानसिक शक्ति और यौगिक शक्ति की प्राप्ति के लिए रात्रि के समय का उपयोग कर रहे हैं। ज्योतिष के विद्वान पँ0 टी पी त्रिपाठी ने नवरात्रि के महत्व को अत्यंत सूक्ष्मता एवं वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में समझाने का प्रयत्न किया। उनका तर्क है कि रात्रि में प्रकृति के बहुत सारे अवरोध खत्म हो जाते हैं। आधुनिक विज्ञान भी इस बात से सहमत है। हमारे ऋषि–मुनि आज से कितने ही हजारों वर्ष पूर्व ही प्रकृति के इन वैज्ञानिक रहस्यों को जान चुके थे कि दिन में आवाज दी जाए तो वह दूर तक नहीं जाएगी किंतु रात्रि को आवाज दी जाए तो वह बहुत दूर तक जाती है। इसके पीछे दिन के कोलाहल के अलावा एक वैज्ञानिक तथ्य यह भी है कि दिन में सूर्य की किरणें आवाज की तरंगों और रेडियो तरंगों को आगे बढ़ने से रोक देती हैं। रेडियो इस बात का जीता–जागता उदाहरण है। कम शक्ति के रेडियो स्टेशनों को दिन में पकड़ना अर्थात सुनना मुश्किल होता है, जबकि सूर्यास्त के बाद छोटे से छोटा रेडियो स्टेशन भी आसानी से सुना जा सकता है ।वैज्ञानिक सिद्धांत यह है कि सूर्य की किरणें दिन के समय रेडियो तरंगों को जिस प्रकार रोकती हैं, उसी प्रकार मंत्र जाप की विचार तरंगों में भी दिन के समय रुकावट पड़ती है इसीलिए ऋषि–मुनियों ने रात्रि का महत्व दिन की अपेक्षा बहुत अधिक बताया है। मंदिरों में घंटे और शंख की आवाज के कंपन से दूर–दूर तक वातावरण कीटाणुओं से रहित हो जाता है। यह रात्रि का वैज्ञानिक रहस्य है। जो इस वैज्ञानिक तथ्य को ध्यान में रखते हुए रात्रियों में संकल्प और उच्च अवधारणा के साथ अपने शक्तिशाली विचार तरंगों को वायुमंडल में भेजते हैं, उनकी कार्यसिद्धि अर्थात मनोकामना सिद्धि, उनके शुभ संकल्प के अनुसार उचित समय और ठीक विधि के अनुसार करने पर अवश्य होती है।

## विधायक ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सीएचसी एवं पीएचसीको सुदृढ करने की उठाई मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर विधानसभा में चिकित्सीय सेवा बेहतर बनाने के लिए ही नहीं अपितु जिले के मेडिकल कॉलेज को भी अविलंब चालू कराने के लिए मुद्दा उठाया। उन्होंने इस संबंध में उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि बदलापुर विधानसभा में सिंगरामऊ पीएचसी को सीएससी का दर्जा दिलाया जाए। साथ ही सीएससी बदलापुर व में अल्ट्रासाउंड, तथा डिजिटल एक्सरे व सीटी स्कैन जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ताकि यहाँ के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में शोषण का शिकार न बनना पड़े! सीएचसी बदलापुर व महराजगंज का आधुनिकीकरण होने से विधानसभा के तीन लाख लोगों को इसका फायदा मिलेगा! एनएच 56 वाराणसी लखनऊ पर स्थित सीएचसी बदलापुर पर इलाज कराने के लिए जनपद प्रतापगढ़, तथा सुल्तानपुर तक के मरीज पहुंचते हैं। सीएससी पर खाली चिकित्सकों के पदों को भी भरने का मुद्दा उन्होंने उठाया। साथ ही पीएचसी सिंगरामऊ को अविलम्ब सीएससी के रूप में तब्दील करने के लिए कहा । विधायक मिश्र ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि सीएससी सिंगरामऊ पर भी इलाज के लिए पास पड़ोस के जनपद प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर तक के मरीज आते हैं। सीएससी बनने पर मरीजों को सिंगरामऊ में भारी सुविधा मिल पाएगी। उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री से मेडिकल कॉलेज को अविलम्ब संचालित कराए जाने की भी मांग किया। उनके साथ मेडिकल कॉलेज जौनपुर के सहायक प्रोफेसर एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ अवनीश तिवारी भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री पाठक ने विधायक मिश्र की मांगों को बहुत जल्द पूरा करने का भरोसा दिया! गौरतलब है कि लेने के बाद विधायक मिश्र ने विकास के क्रम में बदलापुर टाउन को जहां पाइप लाइन से गैस सप्लाई करने की बहुत बड़ी सौगात दी है उसी क्रम में दोबारा विधायक बनने के बाद विकास कार्य का सिलसिला उनका शुरू हो गया है।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बड़ा झटका कोर्ट से नहीं मिली राहत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्व सांसद धनंजय सिंह को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, पिस्टल सटाकर रंगदारी मांगने, षड्यंत्र तथा गालियां व धमकी देने के मामले में उनके सहयोगी संतोष विक्रम के खिलाफ अपर सत्र न्यायाधीश 6 एमपी–एमएलए कोर्ट में शनिवार को विभिन्न धाराओं में आरोप तय तय किए हैं. बता दें, पिछली तारीख पर धनंजय व विक्रम का आरोप मुक्ति प्रार्थना पत्र कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। अपहरण, रंगदारी से जुड़ा साल 2020 का है मामला मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में अपहरण, रंगदारी व अन्य धाराओं में धनंजय व उनके साथी विक्रम पर प्राथमिकी दर्ज कराया था. जिसके मुताबिक संतोष विक्रम दो साथियों के साथ वादी का अपहरण कर पूर्व सांसद के आवास पर ले गए. वहां धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आए और गालियां देते हुए वादी को कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए दबाव बनाया, वहीं इनकार करने पर धमकी देते हुए रंगदारी मांगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पूर्व सांसद गिरफ्तार हुए. जिसमें बाद में उनकी जमानत हुई. वहीं, पिछली तारीख पर धनंजय व संतोष विक्रम ने आरोप मुक्ति प्रार्थना पत्र दिया कि वादी पर दबाव डालकर एफआईआरदर्ज कराई गई और उच्च अधिकारियों के दबाव में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया. वहीं, शासकीय अधिवक्ता ने लिखित आपत्ति किया कि वादी की लिखित तहरीर पर एफआईआर दर्ज हुई है और सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर, व्हाट्सएप मैसेज, गवाहों के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपराध साबित है, जबकि वादी पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया गया। बता दें, इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपितों का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया था. शनिवार को दोनों आरोपित न्यायालय में उपस्थित हुए और आरोप तय हुआ।

## शाखा प्रबंधक के सरायलोका आवास पर एंटीकरप्शन टीम का छापा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के सरायलोका गांव निवासी एवं आजमगढ़ जनपद में यूबीआई बैंक में शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात सर्वेश यादव के आवास पर शनिवार की रात्रि सीबीआई ऐंटीकरप्सन की टीम ने सर्च वारन्ट लेकर घर की तलाशी ली। इसके पूर्व दिन में शाखा प्रबंधक सर्वेश को ऐंटीकरप्सन टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तारी होने की जानकारी परिजनों को देते हुए सर्च वारन्ट दिखाया तो सब हतप्रभ रह गए। टीम ने पुलिस की मौजूदगी में एक–एक कमरों की तलाशी लेने के बाद घर में मिले आभूषणों की लिस्ट बना परिवारजनों को सौंप रात्रि 12 बजे पुनः वापस चली गई। रात्रि 9 बजे बक्शा थाने पहुँची सीबीआई टीम ने थानाध्यक्ष दिब्यप्रकाश सिंह से सरायलोका गांव निवासी सर्वेश यादव के घर छापेमारी की बात कही। उपनिरीक्षक मनोज सिंह के नेतृत्व में महिला सिपाहियों के नेतृत्व में पुलिस टीम शाखा प्रंबधक के घर पहुँची। टीम ने घर पर मौजूद सर्वेश के पिता रामखेलावन यादव को अपना परिचय देते हुए घर की तलाशी लेने की बात कही। टीम ने रामखेलावन व घर की महिलाओं की मौजूदगी में एक–एक कमरों की गहन तलाशी ली। इस दौरान घर में मिले आभूषणों की सूची बनाकर आभूषण पुनः परिवारजनों को सौंप वापस चले गए। घर में नगदी मिलने की सूचना नही मिली है। रामखेलावन के दो पुत्रों में बड़े पुत्र सन्तोष यादव वाराणसी में इंजीनियर है तो छोटा पुत्र सर्वेश मुहम्मद पुर आजमगढ़ में यूबीआई शाखा में बतौर शाखा प्रबंधक नियुक्त है। घटना की जानकारी अधिकांश लोगों को सुबह पता चली ग्रामीण तरह–तरह के कयास लगातें रहें। वही जानकारी के अनुसार सर्वेश के शहर स्थित मकान में भी रात मे एक टीम ने छापेमारी की थी।

## किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर थाना क्षेत्र के धनुहाँ बाजार में अपने ननिहाल में रह रहे किशोर ने बाँस के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार चांद बाबू पुत्र अख्तर शेख 23 वर्ष निवासी मिर्जापुर बचपन में ही मां–बाप की मृत्यु हो जाने के पश्चात से रामपुर धनुहाँ मे अपने बुजुर्ग नाना मोहम्मद यासीन के यहां रहता था। शनिवार की रात में परिवार के लोग खाना खा कर सोने चले गये। रमजान के कारण भोर में जब शहरी के लिए उठे तो बिस्तर पर चाँदबाबू न पाकर हैरान हो गये। अशंका बस छत पर जाकर देखा तो अवाक रह गये। दोनों दीवार के बीच में बांस मे रस्सी के सहारे फांसी लगाकर हत्या कर लिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने नगर में किया पथ संचलन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर नगर में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार देर शाम को खाकी पैंट, काली टोपी, सफेद शर्ट व हाथों में लाठी लिए गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। जो आदर्श बाल विद्या मंदिर से निकल कर जंघई रोड,स्टेशन रोड,चौराहा,पुरानी सब्जी मंडी,नईगंज,अंजही व कटरा से होते हुए पुनःनिकाले गए स्थान पर पहुंच कर समाप्त हुआ। स्वयंसेवक हाथों में लाठी लेकर शक्ति का प्रर्दशन किया ।स्वयंसेवक हिन्दू धर्म के प्रतीक में धर्म पताका लेकर चल रहे थे। विभिन्न जगहों पर नगर के लोगों ने पुष्प की वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत कियाद्यपथ संचलन के माध्यम से अखण्ड भारत को अक्षुण्य बनाएं रखने के लिए तथा हिन्दू संस्कृति की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण तथा राष्ट्रीय चरित्र का पाठ पढ़ाया। बताया कि देश धर्म सबसे बड़ा धर्म है। नगर पालिका अध्यक्ष शिव गोविन्द साहू, विहिप जिला मंत्री विशंभर दूबे,नगर कार्यवाह शिवकुमार लल्ला,खंड कार्यवाह आर के शर्मा, व्यवस्था प्रमुख राजेश माली,दीपक शर्मा,श्याम बाबू,आलोक जी व जितेन्द्र आदि थे।

## बक्शा थाना क्षेत्र में ट्रेन से कटकर शिक्षक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के औंका गांव के पास संत परमहंस इंटर कालेज के समीप रविवार की सुबह ट्रेन से कटकर 47 वर्षीय शिक्षक की मौत हो गई। सूचना पर पहुँचे परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आवश्यक लिखापढ़ी करतें हुए शव को पीएम को पीएम हेतु भेज दिया। उक्त गांव निवासी शिक्षक प्रदीप कुमार गौतम बदलापुर विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय हिम्मतपुर में बतौर शिक्षक तैनात थे। रविवार की सुबह मॉर्निगवॉक हेतु निकले प्रदीप रेलवे लाइन पार करते हुए ट्रेन की चपेट में आ गए जिससें उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के भाई राजकुमार की तहरीर पर शव को कब्जे में लेते हुए पीएम हेतु भेज दिया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। घटना के बाद पत्नी सुनीता व पुत्र शुभम, शिवम व पुत्री अनुपम का रो रोकर बुरा हाल है।

## शिक्षा और संस्कार उन्नति का मूल मंत्र ...प्रभाकर द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के द्विवेदी पैराडाइज स्कूल मे आयोजित रंगारंग कार्यक्रम मे बच्चो ने जमकर धमाल मचाया।नए पुराने छात्र छात्राओं ने एक दूसरे से गले मिलकर फूलों की होली खेली। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर प्रभाकर द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा और संस्कार जीवन के उन्नति का मूल मंत्र है ।शिक्षा एक ऐसा चिराग है जो मरते दम तक नही बुझती है ।किसी भी देश की उन्नति का आधार शिक्षा ही है ।बच्चो मे संस्कार का भी होना निहायत जरूरी है ।अच्छे संस्कार जीवन को संयमित और सरल बनाती है ।आज के कम्प्यूटर युग मे प्रतिस्पर्धा की दौड़ है ।इस दौड़ मे वही सफल हो सकता है जिसके अंदर कुछ अलग करने का जज्बा हो यह जज्बा तभी सम्भव है जब हम अच्छी शिक्षा और संस्कार को ग्रहण करते है ।कालेज के प्रिंसिपल मनीष मिश्रा ने सभी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर जीवन की दौड़ मे आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया ।कार्यक्रम के अंत मे स्कूल के छात्र छात्राओं ने देशभक्ति और फिल्मों गीतो से लोगो को थिरकने पर मजबूर कर दिया ।इस मौके पर प्रभाकर महराज, प्रिंसिपल मनीष मिश्रा, नीतू द्विवेदी, आफताब आलम,शैलेन्द्र मिश्रा,रवीन्द्र यादव,संतोष शर्मा,अमित सिंह,प्रियंका गौड़,सलोनी विश्वकर्मा, पंकज पांडेय, आशीत शुक्ला सहित सैकड़ो बच्चे मौजूद रहे।

## 60 लाख लोग हर वर्ष तम्बाकू सेवन से गंवाते हैं जान : मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस लाइन सभागार में रविवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत ला इंफोसर्स की कार्यशाला हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि पूरे विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर वर्ष तम्बाकू सेवन से अपनी जान गंवाते हैं। पूरे विश्व में हर 6.5 सेकेंड में एक धूम्रपान करने वाले की मौत होती है। भारत में कैंसर से मरने वाले 100 रोगियों में से 40 तम्बाकू प्रयोग के कारण मरते हैं। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ राजीव कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे–2021 जारी किया है। इसके अनुसार 23 प्रतिशत लड़के और 24 प्रतिशत लड़कियां किसी न किसी रूप में तम्बाकू उत्पादों का उपयोग करते हैं। 22 प्रतिशत विद्यार्थी सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान कर रहे हैं। वहीं ग्लोबल एडल्ट्स टोबैको सर्वे–2 (गैट्स–2) की रिपोर्ट से पता चलता है कि 23.1 प्रतिशत पुरुष, 3.2 प्रतिशत महिलाएं और वयस्कों का 13.5 प्रतिशत इस समय तम्बाकू का सेवन कर रहा है। उन्होंने युवाओं को तम्बाकू की लत से दूर रहने की नसीहत दी। साथ ही नई पीढ़ी को तम्बाकू के जोखिम के कारणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में तम्बाकू नियंत्रण कानून कोटपा–2003 लागू है। उन्होंने कानून की सभी धाराओं का प्रभावी कियान्वयन करने में सहयोग करने के लिए भी प्रेरित किया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के क्षेत्रीय समन्वयक दिलीप पांडे ने जिले के सभी थानों को तम्बाकू मुक्त किए जाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में समझाया। उन्होंने कोटपा अधिनियम–2003 की विभिन्न धाराओं के बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों जैसे सभागृह, अस्पताल भवन, रेलवे स्टेशन प्रतीक्षालय, मनोरंजन केंद्र, शासकीय कार्यालयों, न्यायालय परिसर, शिक्षण संस्थानों, पुस्तकालय, लोक परिवहन तथा अन्य कार्य स्थलों पर धूम्रपान करना अपराध है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–5 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर पूर्ण प्रतिबंध है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–6 अ के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू बेचना या 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति द्वारा तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–6 ब के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों की 100 गज की परिधि में तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–7 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पादों पर चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित करना जरूरी है। तम्बाकू अधिनियम 2003 की धारा–21 और 24 के अंतर्गत 4–6 बार नियमों का उल्लंघन करने पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एसके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिले के सभी थानाध्यक्षों/प्रभारी थानाध्यक्षों, सभी क्षेत्राधिकारी तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय ने भाग लिया। उन्होंने सभी लोगों को जनपद में अधिनियम का कड़ाई से पालन करने के लिए निर्देशित किया। सभी स्कूलों के 100 गज के दायरे के अंतर्गत आने वाली तम्बाकू की दुकानों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें हटाने के निर्देश दिए। कार्यशाला में नान कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) सेल के सभी कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन एफएलसी जयप्रकाश गुप्ता ने किया।

## महिलाओं का स्वास्थ्य, नारी एवं बेटियों की सुरक्षा तथा पर्यावरण की स्वच्छता से तथा संचारी रोगों से संबंधित जागरूकता अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर स्थित एक सभागार में डी सेफ की डक स्वाती सिंह जी ने जागरूकता अभियान महिलाओं का स्वास्थ्य ,सशक्तिकरण, नारी एवं बेटियों की सुरक्षा तथा पर्यावरण की स्वच्छता से और संचारी रोग मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा, डायरिया और कोरोना आदि से बचाव के बहुत ही सुंदर ढंग से ग्रामीण महिलाओं को समझाकर बेहतरीन सुझाव दिये । बताया कि नारी अबला नहीं है यदि वह अंतर्मन से चाह ले तो एक मुकाम बना सकती है और इसके सहयोग और सहायतार्थ कमम ॅमि आपके साथ खड़ी है। भारत देश मे 40: महिलाएं सैनिटरी पैड का इस्तेमाल करती हैं और 60: अन्य विकल्प(कपड़ा, राख, सूखे पत्ते, रुई आदि) जो स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है जिसका खामियाजा अस्पतालों में मेहनत के इकट्ठा किये हुए पैसे को खर्च करके चुकाना पड़ता है। आप जागरूक हों पैड का इस्तेमाल करे यदि आप इसे वहन नहीं कर सकती तो साफ कॉटन के कपड़े प्रयोग करें और यूज करने के बाद उसे कचरे के डिब्बे में फेंके ताकि कोई अन्य के संपर्क में न आये, क्योंकि संक्रमण फैलने की संभावना रहती है। सभी महिलाओं ने स्वाति जी का हाँथ उठाकर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान माव प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत बड़ा ड्रीम प्रोजेक्ट है और पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज की तरफ से भी स्वच्छ्ता और महिला स्वावलंबन को लेकर की अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं! तत्पश्चात महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए बहुत ही शानदार सुझाव दिया कि यदि कोई आपको डराता है, धमकाता है, मारपीट करता है,अनायास कोई छेड़छाड़ करता है, स्कूल जाने पर छींटाकसी करता है तो तुरंत 112 डायल करें, वीमेन पावर लाइन 1090 या 181 डायल करें, गर्भवती, प्रसव के लिए 102 डायल करें तथा आकस्मिक चिकित्सा सुविधा के लिए 108 डायल करें।



पुलिस तत्काल 8 से 10 मिनट के अन्दर मदद के लिए पहुंच जाएगी। यदि अन्य नंबर याद नहीं आता तो 112 डायल करे आपको सुविधा मुहैया कराएगी। इसके अतिरिक्त माननीय ब्ड योगी जी ने पूरे प्रदेश में छेड़छाड़ आदि रोकने के लिए एन्टी रोमियो स्क्वाड बनाया है जो हमारी बहु बेटियों की सुरक्षा करेगी। इसमें आपलोगों का भी सहयोग अपेक्षित है अकेले पुलिस ही नहीं कर पायेगी। मुख्यमंत्री जी ने जनता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1076 भी चला रखे हैं जहाँ पर राजस्व आदि से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, आप सभी लोगों के पास फोन है यदि किसी के पास नहीं है तो कहीं से भी माँगकर फोन कर सकता है। बहुत ही उत्सुकता से महिलाओं ने सुरक्षा संबंधित बातों को स्वाति से आसान तरीके से सुना और सीखा। पर्यावरण को लेकर बताया कि अपने आस पास खाली पड़े जगहों पर एक वृक्ष लगाएं और खेतों के फसल कटने के उपरांत पराली न जलाएं क्योंकि इससे भयंकर रूप से वातावरण दूषित होता है, संचारी रोगों के रोकथाम हेतु आसपास साफ सफाई रखें, गंदगी इक्कट्ठा न रहे, घर की नालियों को साफ करते रहें,जानवरों को गंदगी खाने न दें क्योंकि सम्पर्क में आने पर रोग का संचार हो जाएगा और उनके दुग्ध में भी वायरस आ जायेगा। स्वच्छता को अपनाए और रोगों को दूर भगाएका नारा भी लगाया गया। क्योंकि अधितर बीमारियों अस्वच्छता के कारण ही फैलती है। स्वच्छता और पर्यावरण ही हमारा कल का जीवन है। उपस्थित महिलाओं ने पूरजोर समर्थन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्री के साथ नगर के सभासद और प्रशासनिक महकमें के अधिकारी उपस्थित रहे!

## तमन्चा व चोरी की बाइक सहित दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा पुलिस ने रविवार की रात्रि गस्त के दौरान सलारपुर गांव स्थित पेट्रोल पम्प के पास से दो बदमाशों के पास से तमन्चा व चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। मौके से एक बदमाश भागने में सफल रहा। पुलिस ने लिखापढ़ी करतें हुए सोमवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिब्य प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रात्रि गस्त के दौरान उपनिरीक्षक मनोज सिंह हमराहियों के साथ गस्त पर थे तभी जरिये मुखबीर पता चला कि सलारपुर पेट्रोल पम्प के समीप तीन बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए बैठे है। सक्रिय पुलिस ने चारों तरफ से घेराबंदी कर मौके पर दो बदमाशों को दबोच लिया जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस पूछताछ में एक ने अपना नाम शिवा राव उर्फ सोनू निवासी चकिया हसनपुर थाना जफराबाद तथा दूसरे ने सलारपुर निवासी कृष्णा सरोज बताया। तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से अवैध तमन्चा व चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने सोमवार को लिखापढ़ी करतें हुए दोनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया।

# आग लगने की सही भौगोलिक स्थिति की जानकारी दें सूचना देने वाले व्यक्ति – राज किशोर राय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाज में जब किसी भी व्यक्ति पर मुसीबत का पहाड़ पड़ता है तब वह अपनी समस्या को लेकर सीधे पुलिस विभाग की शरण में जाता है।क्योंकि उस व्यक्ति को यह पता रहता है कि किसी भी समस्या का समाधान पुलिस विभाग के पास ही होता है।वहीं पुलिस विभाग का एक महत्वपूर्ण विभाग अग्निशमन विभाग भी है।जो साल के सभी दिनों में हमेशा लोगों की सुरक्षा को लेकर तत्पर रहता है।चाहे बारिश का समय हो या फिर ठंडी के साथ–साथ गर्मी का समय हो।वर्तमान समय में मार्च से ही प्रचंड गर्मी आसमान से बरस रही है।जिसके चलते आग लगने की बढ़ने की संभावना रहती है।जो मुख्यतः मार्च,अप्रैल,मई व जून इन चार महीनों तक रहती है।वही इस समय गर्मी से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग की क्या तैयारियां है इस पर एनबीसी चौनल व देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अयोध्या राजेश श्रीवास्तव ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय से एक खास मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने हमारे समाचार पत्र व चौनल के माध्यम से लोगों को आग से बचने की उपाय बताये।उन्होंने हमारे चौनल व समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील किया कि अगर इस समय घर में बिजली के कटे–फटे तार हो तो उसे बदलवा दे या फिर उसका मरम्मत करवा ले।नहीं तो शॉर्ट सर्किट की संभावना ज्यादा रहती है।जिससे आग की घटनाएं भी बढ़ती हैं।वहीं उन्होंने महिलाओं से अपील किया कि वे दियासलाई आज ज्वलनशील पदार्थों को बच्चों से दूर रखे।इसके साथ ही साथ रसोई घरों में एक बाल्टी पानी हमेशा रखे रहें।जिससे आग की अगर कोई घटना होती है तो तुरंत आग पर काबू पा सके।उन्होंने बताया कि भोजन बनाते समय महिलाएं हमेशा ढीले ढाले कपड़े ही पहने साथ ही साथ मोमबत्ती चिराग अमेठी का अगर इस्तेमाल कर रही हैं तो उसे सुरक्षित स्थान पर ही रखें।खाना बनाने के बाद उसे पानी से बुझा दे नहीं तो रात में एक छोटी सी चिंगारी बड़ा रूप ले सकती है और देखते ही देखते भी सर अग्निकांड की घटना हो सकती है।इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने बताया कि जो महिलाएं गैस चूल्हे का इस्तेमाल कर रही हैं उसे चूल्हे से कुछ दूरी पर रखें और कभी भी गैस चूल्हे को नीचे रखकर कतई प्रयोग ना करें।उसे सिलेंडर से कुछ दूरी पर ही रखें वही रबर पाइप की लंबाई डेढ़ मीटर से ज्यादा ना हो और हर वर्ष पाइप को भी बदलाव कर भी करें।उन्होंने बताया कि रात में सोने के बाद गैस सिलेंडर का रेगुलेटर बंद करना ना भूले और गैस बर्नर के छिद्र को भी बीच–बीच साफ करती रहें नहीं तो इससे भी गैस सिलेंडर से खाना बनाते समय आग लगने की संभावना हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने बताया



कि सोते समय ज्वलनशील पदार्थ जैसे मार्टिन अगरबत्ती इस समय नवरात्र के दौरान दीपक आदि को कपड़ों से दूर रखें। देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व नव भारत चेतना न्यूज चौनल के माध्यम से उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों से अपील किया जिसमें खासकर महिलाओं से उन्होंने अपील करते हुये कहा कि अगर आप सभी चूल्हे पर खाना बना रही है तो उसका राख खाना बनाने के बाद पानी से बुझा दें और रात को कहीं इधर उधर ना फेंके।वही किसान भाइयों से भी उन्होंने अपील किया कि इधर 10–15 दिनों तक वे अपने खेतों की रखवाली करें और साथ ही साथ ऐसी जगह जहां पर बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है वहाँ पर कम से कम कुछ मीटर के घेरे में गेहूं की कटाई कर दें जिससे कभी शॉर्ट सर्किट होने से अग्निकांड से बचा जा सके।उन्होंने बताया कि अगर कहीं पर चाहे वह नगर क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र हो अग्निकांड की घटना होती है तो उसकी सूचना अग्निशमन विभाग को धैर्य पूर्वक और बिना किसी डरे सहमे के बताए।इसके साथ ही साथ जो सूचना दे रहा है वह यह भी बताएं कि घटनास्थल पर कौन सी गाड़ी जा सकती है छोटी गाड़ी जा सकती है या बड़ी दमकल जा सकती है या बाइक जा सकती है।जिससे पुलिस लाइन से ही घटनास्थल तक उससे संबंधित दमकल चाहे छोटे दमकल हो या बड़े दमकल हो या ऐसे दमकल जो बाइक वह घटनास्थल तक पहुंच कर आग पर काबू पाए।उन्होंने बताया कि मवेशियों को हमेशा लोहे की जंजीर से ना बांधकर रस्सियों से बांधे। क्योंकि अगर कभी भी अग्निकांड की घटना हो तो मवेशी वहाँ से भाग कर अपनी जान बचा सके। उन्होंने बताया कि अगर कही आग लगने की घटना हो तो उसकी सूचना 112,9454418708,9454418709 के साथ साथ 05278 – 224233 पर बिना किसी हिचक के दे।

# अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर संचालित कैंटीन में भोजन की उच्च गुणवत्ता व साफ सफाई प्रमुख प्राथमिकता – विजय तिवारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से होकर ट्रेन से आने जाने वाले रेल यात्रियो को राहत भरी खबर है।सूत्र के मुताबिक आज से लगभग छः माह तक बंद पड़ी आईआरसीटीसी द्वारा संचालित कैंटीन अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर फिर से संचालित हो गई।पहले कुछ माह पहले यहाँ पर संचालित कैंटीन बंद हो गई थी।जिसके चलते इधर से गुजरने वाले सैकड़ों रेल यात्रियो को भोजन के लिये काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था।परंतु अब फिर वर्तमान समय में इस रेलवे स्टेशन पर विभाग द्वारा कैंटीन की सुविधा बहाल हो गई है।इस संबंध में रविवार को देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल अयोध्या के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव ने अपने जिला संवाददाता डाक्टर अजय तिवारी के साथ इस कैंटीन पर गये।जहाँ पर काफी दिनो से बंद रही कैंटीन संचालित मिला।जहाँ पर अनेक रेलयात्री भोजन व जलपान करते दिखे।वहाँ पर जलपान व भोजन करने वाले रेल यात्रियो ने यहाँ पर बने भोजन की उच्च गुणवत्ता व साफ सफाई व्यवस्था को लेकर काफी संतुष्ट दिखे।इस दौरान उन लोगों ने बताया कि यहाँ की सफाई व्यवस्था के साथ साथ भोजन की गुणवत्ता भी काफी अच्छी है।उन्होने बताया कि इस कैंटीन की प्रबंधन व्यवस्था भी काफी अच्छी है।वही इस दौरान वे रेलयात्री सभी ज्यादा खुश दिखे जो ट्रेन से रोजाना सफर करते है।अब उन लोगों को भोजन के लिये इधर



उधर नहीं भटकना पड़ रहा है।नही तो पहले भोजन के काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।इस संबंध में उस कैंटीन के संचालक विजय तिवारी व प्रबंधक ने संयुक्त रुप से बताया कि रेलयात्रियो के मन के मुताबिक भोजन व अपने कार्यो संतुष्टि करना हमारी प्रथम प्राथमिकता है।क्योंकि रेलयात्री हमारे अतिथि है और अतिथि को हमारे देश में भगवान का दर्जा दिया गया है।उन्होने बताया कि हमारी यही मंशा है कि कैंटीन परिसर को स्वच्छ रखने के साथ साथ भोजन व अन्य खाद्य पदार्थो की उच्च क्वालिटी रहे।जिससे यहाँ से रेलयात्री हमारी व्यवस्था से संतुष्ट होकर जाये।कुल मिलाकर इस कैंटीन में जहाँ एक ओर साफ सफाई दिखा वही इनके व्यवस्था से रेलयात्रियो ने अपनी संतुष्टि भी जताई।

# अयोध्या की बालिकाओं ने राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में यूपी को जीत दिला कर रचा इतिहास

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी की खिलाड़ी लड़कियों ने इतिहास रच दिया है। क्रिकेट में अपनी बादशाहत का लगातार प्रदर्शन कर रही शहर की 11 लड़कियों ने 32 वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में बिहार की टीम को 30 रनों से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया है। इन लड़कियों का चमत्कारी प्रदर्शन अयोध्या का भी मान बढ़ाने वाला है। 32 वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की बालिका टीम ने बिहार को फाइनल मुकाबले में 30 रनो से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया । 32 सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विदर्भ टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा नागपुर के नासिक राव तिरपुड़े कॉलेज में किया गया। सीनियर नेशनल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 25 और बालक वर्ग में 28 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश की बालिका टीम ने लीग मैचों में कर्नाटक को 60 रनो से दमन दीव को 07 विकेट से और हिमाचल को 25 रनो से हराकर प्री क्वार्टर में केरला को 50 रनो से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जिसमे विदर्भ के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश की बालिका टीम ने निर्धारित 08 ओवरों में 78 रन बनाया दूसरी पारी में विदर्भ की टीम निर्धारित ओवरों में 40 रन बनाकर ऑल आउट हो गई । सेमी फाइनल उत्तर प्रदेश और जवाब मेंऑल इंडिया इंडस्ट्रियल बोर्ड की टीम के मध्य खेला गया जिसमे उत्तर प्रदेश की कप्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया । प्रदेश के बल्लेबाजों ने 03 विकेट खोकर 08 ओवर में 72 रन का लक्ष्य दिया । जवाब मेंऑल इंडिया इंडस्ट्रियल बोर्ड की टीम ने अपने बल्लेबाजी का कौशल दिखाते हुए प्रदेश के गेंदबाजों को संघर्ष करने को मजबूर कर दिया लेकिन अपने खेल कौशल वा कुशल नेतृत्व की वजह से प्रदेश की टीम ने मात्र 03 रनो से मैच जीतकर रोमांचक तरीके से फाइनल में प्रवेश किया।विजेता कप के साथ यूपी टीम की खिलाड़ी लड़कियां प्रतियोगिता का फाइनल मैच बिहार और उत्तर प्रदेश के मध्य खेला गया जिसमे उत्तर प्रदेश ने प्रथम बल्लेबाजी करते हुए 08 ओवर में में 85 रन का विशाल टारगेट दिया जवाब में उत्तर प्रदेश की घातक गेंदबाजी के आगे बिहार की टीम 43 रन बनाकर ऑल आउट हो कर प्रदेश की टीम को प्रथम बार विजेता होने का गौरव दिलाया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम लगातार 06 बार विजेता बनकर पूरे इंडिया में एक अलग इतिहास रचा जो किसी भी टीम के लिए तोड़ना मुश्किल होगा । उत्तर प्रदेश अयोध्या की बालिकाओं की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव इमरान अहमद लारी , उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष तोसिफ अहमद लारी, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राकेश पांडे और संयुक्त शिक्षा निदेशक अरविंद कुमार पांडे और जिला विद्यालय क्रीडा समिति के सचिव श्री धर्मेंद्र सिंह, जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ संजय तिवारी, उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव और बालिका टीम के कोच रमेंद्र सिंह , जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह, जिला तलवारबाजी संघ के सचिव विजेंद्र सिंह, राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान के अभिमन्यु सिंह, जिला विद्यालय क्रीड़ा समिति के संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष दुर्गा श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश बालिका टीम के सहायक कोच अनुज कुमार , विशाल सिंह, चंद्रशेखर सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, डॉक्टर दिनेश मिश्रा, दीपक कुमार, अनमोल जायसवाल, हरि कृष्ण सिंह , तुषार बनोधा ,आकाश बनोधा , वेद त्रिपाठी , ने बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी, 32 सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट चौंपियनशिप में अयोध्या उत्तर प्रदेश की मुस्कान जैसवाल को बेस्ट बैट्समैन और ऋषिका तिवारी को बेस्ट बॉलर की उपाधि से समानित किया गया । उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल अयोध्या की बालिका खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं, ऋषिका तिवारी, मुस्कान जयसवाल, नीलम निषाद, विधि यादव, नेहा वर्मा, अदविया बानो, मोहिनी निषाद, खुशबू निषाद, राखी निषाद, सौम्या, तृप्ति रही। जबकि इस मैच में तीन अन्य खिलाड़ियों श्रद्धा श्रीवास्तव (गोरखपुर) रागिनी तिवारी (गोरखपुर) अनीशा शर्मा (गोरखपुर) ने भी प्रतिभाग किया।

# डिप्टी रजिस्टार फर्म्स सोसायटी चिट्स के कानूनी हंटर के डर से सचिव ने बदला प्रेस क्लब अयोध्या का बोर्ड

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)गत दिनो जांचोपरांत डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी चिट्स डॉ बन्दना सिंह के कानूनी हंटर के डर से प्रेस क्लब करियप्पा मार्ग सिविल लाइन फैजाबाद अयोध्या के चर्चित सचिव त्रियुग नरायण तिवारी ने प्रेस क्लब अयोध्या का बोर्ड हटा कर प्रेस क्लब करियप्पा मार्ग सिविल लाइन अयोध्या का बोर्ड लगाया।आप को बताते चले कि प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी की शिकायत पर दोनों प्रेस क्लबो के दस्तावेजों गहन जांच पड़ताल हुई तो सच बाहर आ गया क्योंकि प्रेस क्लब अयोध्या जामवंत मार्केट शृंगार हाट अयोध्या के पते पर पहले से पंजीकृत है और प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के ही मांग पत्र पर 31मई 2017 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने महन्थ नृत्य गोपाल दास महराज के जन्मोत्सव में अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर के निर्माण की घोषणा की थी जो अब एक करोड़ की लागत से वातानुकूलित अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर बन कर तैयार हो गया है। जिसके चलते शासन प्रशासन में प्रेस क्लब के सचिव त्रियुग नरायण तिवारी के द्वारा झूठी शिकायते प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के विरुद्ध करवाई गई थी जो सूत्र के मुताबिक जांचोपरांत झूठी पाई गई।डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी एवम चिट्स डॉ वंदना सिंह की जांच में त्रियुग नरायण तिवारी की पोल खुल गयी। क्योकि उनकी संस्था केवल प्रेस क्लब के नाम पंजीकृत है और उसका पता करियप्पा मार्ग सिविल लाइन फैजाबाद जनपद अयोध्या है पर जब अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का अयोध्या में निर्माण शुरू हुआ तो वे अपनी संस्था का बोर्ड बदल कर प्रेस क्लब अयोध्या लिख लिया और लेटर पेड भी प्रेस क्लब अयोध्या के नाम छपवा कर अपने को असली प्रेस क्लब अयोध्या कहने लगे और श्री महेंद्र त्रिपाठी को फर्जी प्रेस क्लब अयोध्या का अध्यक्ष बता कर शिकायत करने लगे जिससे अधिकारी भी असमंजस में पड़ गए अब जब दस्तावेजों की जांच हुई तो असली प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी निकले अव कानूनी शिकंजा डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसायटी एवं चिट्स के द्वारा कसा जा रहा है तो सारी हेकड़ी प्रेस क्लब के सचिव त्रियुग नरायण तिवारी की निकल गयी और जिलाधिकारी के द्वारा बनाई गई जांच कमेटी ने भीकरोड़ो रूपये की कामर्शियल बुकिंग घोटाले में भी 14 जून 2021 को जांच कमेटी ने उन्हें दोषी ठहराया है और घोटाले की रकम को जमा करने को कहा है साथ ही साथ सरकारी पैसे से निर्मित प्रेस क्लब पर प्रसाशक बैठाने व सूचना विभाग को हैंड ओबर करने को कहा है क्यो कि यह प्रेस क्लब सरकार के पैसे बना है और इसका मालिकाना हक भी सरकार का है जिसे सचिव त्रियुग नरायण तिवारी प्रेस क्लब करियप्पा मार्ग सीविल लाइन अयोध्या ने उसे अपनी निजी संपत्ति मान कर कामर्शियल बुकिंग कर अनैतिक लाभ ले रहे थे जो अब 1994 से अब तक प्रेस क्लब में किये गए कामर्शियल बुकिंग का पूरा लेखा जोखा देना होगा जो करोड़ो रुपये का सरकारी गबन है।

# नगर निगम वाहन खरीद में मिली अनियमितता,निगम के दो आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों हुये पुलिस के हवाले

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम अयोध्या में हुई वाहन खरीदी में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया अधिकारियों के संज्ञान में लाई बिना वाहन की खरीदी कर ली गई खरीदे गए 10 वाहन की कीमत 1 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।इस संबंध में नगर आयुक्त विशाल सिंह ने भुगतान से पहले यह मामला पकड़ लिया। उन्होंने इस प्रकरण में कार्यवाही करते हुए दोषी पाए गए दो आउटसोर्सिंग कर्मचारी को पुलिस के हवाले कर दिया।नगर आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को नगर निगम कार्यालय के कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया।दोनों आउटसोर्सिंग कर्मचारी नगर निगम के स्वास्थ्य एवं विद्युत यांत्रिकी विभाग के वाहन खरीदी में हुए इस भ्रष्टाचार में कुछ और कर्मचारी भी शामिल होने की आशंका जताई गई है।नगर आयुक्त ने इस मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी दिए गए हैं। प्रभावी कार्यवाही के लिए विधिक सलाह भी ली जा रही है।नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि पड़ताल में आया है की दो कंप्यूटर ऑपरेटर हैं जेम पोर्टल का कार्य देख रहे हैं दोनों कर्मचारियों ने अधिकारियों के संज्ञान में लाई बिना खरीदी प्रक्रिया अपनाई कुछ कंपनियों को अयोग्य घोषित कर एक कंपनी को ऑर्डर दे दिया गया खरीदे गए वाहनों की कीमत उजागर नहीं की जा रही है वहां 2 दिन हुए हैं वाहन पहुंचने के बाद अधिकारियों को पता चला। शनिवार को नगर आयुक्त के सामने पकड़ा ना आने पर उन्होंने कर्मियों पर कार्रवाई की नगर आयुक्त ने जांच पूरी होने तक दोनों कर्मचारियों को पुलिस हिरासत में रखने का निर्देश दिया है यही नहीं 8 ट्रेक्टर खरीद के मामले में भी अनियमितता की आशंका है नगर आयुक्त ने बताया कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वाहन खरीदी की जानकारी उन्हें भी दी गई थी प्रकरण में आने के बाद प्रथम दृष्टया दोषी पाई गई कर्मियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है इस प्रकरण में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्रवाई की जाएगी सवाल खरीदी प्रक्रिया पर भी उठ रहे हैं कि एक करोड़ के करीब की खरीद में किसी अधिकारी ने वाहन की डिमांड की और किसने की हो सकते हैं यह यक्ष प्रश्न है।

# भगवान झूलेलाल की कृपा और उनकी शिक्षाओं पर चलकर सिंधी समाज ने अपनी मेहनत से बनाया मुकाम – नगर विधायक

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) भगवान झूलेलाल की कृपा और उनकी शिक्षाओं पर चलकर सिंधी समाज ने विभाजन के बाद भारत आकर अपनी अलग पहचान और मुकाम बनाया है। ऐसे में भगवान झूलेलाल के बताए रास्ते पर चलना ही श्रेयस्कर है और भविष्य में भी सिंधी समाज को इससे ऊंचा मुकाम मिलेगा। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रविवार को भक्त प्रहलाद सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रभु झुलेलाल जयंती चेटीचंड के अवसर पर यह बात कही। समारोह के मुख्य अतिथि के रुप मे नगर विधायक ने भगवान झूलेलाल के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया ।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आयोजन समिति के लोग भगवान झूलेलाल जयंती समारोह चेटीचंड में मुख्य अतिथि नगर विधायक का आयोजन समिति ने शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने उनके समक्ष मांग रखी कि समिति को रामनगर कालोनी मे कार्यालय के निर्माण के लिए विधायक निधि से धन आवंटित किया जाय। इस पर नगर विधायक ने समिति की मांग मान कर कहा कि निधि से कार्यालय के निर्माण हेतु धन आवंटित किया जायेगा। नृत्य नाटिका में सिंधी समाज के संस्कृति को अच्छे से दिखाया गया। झूलेलाल जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के बारे में आयोजन समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि रितु साधवानी को अपने परिवार के प्रति किये गये अच्छे कार्यों के लिए "समर्पित बहू" का अवार्ड दिया गया।सूत्र के मुताबिक वही इस मौके पर किरन पंजवानी,मुस्कान सावलानी व नीलम मंध्यान के अच्छे सामाजिक कार्यों के लिए शाल ओढाकर सम्मानित किया गया व सामाजिक कार्यों मे बढचढ कर कार्य करने वाले सुरेश भारतीय को भी शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। जयंती के अवसर पर केक काटा गया इस मौके पर मुबंई की सिंधु सखा संगम के बाइस कलाकारो ने शुभ विवाह नृत्य नाटिका प्रस्तुति से लोगों को सिंधी समाज और संस्कृति का दर्शन कराया। नृत्य नाटिका की निर्देशक जूली तेजवानी हैं।समर्थित बहू का पुरस्कार रितु साधवानी को मिलासमिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर ने सभी का आभार वयक्त किया और समिति के सरंक्षक राजकुमार मोटवानी ने समिति का प्रतिवेदन पढा कार्यक्रम मे ओमप्रकाश अंदानी, मोहन मंध्यान, भीमन दास , गिरधारी चावला , पवन जीवानी , डा महेश सुरतानी, उमेश जीवानी, राकेश तलरेजा , नारायणदास , टीकमदास, कपिल हासानी , तेजकुमार माखेजा , जयरामदास , प्रकाश नंदवानी, सुनील रामानी, हरीश सावलानी, कन्हैया माखेजा , सुरेश तलरेजा , रामदास खटवानीब, शंकर केवलरामानी , राकेश वाधवानी आदि बडी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना डाक्टर काउंट सीजर मैटी का निर्वाण दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉक्टर काउंट सीजर मैटी निर्वाण दिवस इलेक्ट्रो होम्योपैथी प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ब्रांच अयोध्या फैजाबाद पीआर मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी रिसर्च सेंटर अयोध्या फैजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का 126 वां निर्वाण दिवस शहर के महर्षि पब्लिक स्कूल जब्ती वजीरगंज में मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर कुमार मौर्या ने डॉक्टर काउंट सीजर मैटी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरुआत किया व अपने भाषण में बताया कि डॉक्टर काउंट सीजर मैटी का सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम चिकित्सक गण डॉक्टर साहब के बताए हुए रास्ते पर चलें और इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाओं का प्रयोग करें एसोसिएशन के संरक्षक राम जी सैनी ने मेहदी साहब के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की दवाएं पूर्ण रूप से वनस्पति जगत पर आधारित हानि रहित व सस्ती चिकित्सा पद्धति है इनकी दवाओं का हमारे बॉडी पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता इसी क्रम में एसोसिएशन के मंडली अध्यक्ष डॉक्टर बी आर वर्मा उपाध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह डॉक्टर ए पी सिंह सुधीर कुमार पांडे आजम खान डॉ श्रीकांत द्विवेदी डॉक्टर अनिल गुप्ता डॉक्टर संतोष डॉक्टर ए के तिवारी राकेश गुप्ता डॉ अशोकगुप्ता डॉ मनोज सैनी डॉक्टर सुजीत कुमार मौर्या डॉ दयाशंकर मौर्य के अलावा अन्य चिकित्सकों ने डॉक्टर मैटी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मटियाही में स्कूल चलो अभियान रैली के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया जिसमें रैली की का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार एवं विद्यालय प्रबंध




ा समिति के अध्यक्ष दिनेश मौर्य के द्वारा किया गया तत्पश्चात मुख्यमंत्री का यूट्यूब कार्यक्रम समय 10:00 से 11:00 के बीच बच्चों एवं अभिभावकों के मध्य लैपटॉप के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक दिनेश विश्वकर्मा, नीरज जैसल स.अ. अवनीश यादव स.अ. मालती मौर्य शि. मि .शांति देवी संगीता व अन्य गणमान्य अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# राज्यसभा में मजबूत हुई भाजपा, पूर्वोत्तर राज्यों से कांग्रेस का सूपड़ा साफ

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) 1988 के बाद यह पहला मौका है जब किसी पार्टी के 100 से ज्यादा सदस्य राज्यसभा में मौजूद हों। बीजेपी ने ये उपलब्धि 13 में से चार सीटें जीतकर हासिल की, जिसके लिए गुरुवार को मतदान हुआ। बीजेपी ने तीन पूर्वोत्तर राज्यों असम, त्रिपुरा और नागालैंड से राज्य सभा की चार सीटें जीतीं। इस जीत में त्रिपुरा की सीट बीजेपी ने अपने बलबूते जीती है। असम की 2 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव में एक सीट पर बीजेपी ने जीत हासिल की, जबकि, दूसरी सीट पर उसकी सहयोगी, यूपीपीएल को कामयाबी मिली है।आपको बता दें कि साल 2014 में बीजेपी के पास राज्यसभा में सिर्फ 55 सीटें थीं। यानी पिछले सात साल में इसमें करीब 100 फीसदी इजाफा हुआ है। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद, लोकसभा में बहुमत होने की वजह से बिल तो पास हो जा रहा था, लेकिन राज्यसभा में संख्या कम होने की वजह से काफी जोड़–तोड़ करनी पड़ती थी। लेकिन अब बीजेपी के लिए बिल पास करना थोड़ा आसान होगा, क्योंकि अब उसके अपने सदस्यों की संख्या 101 पहुंच गई है।इससे पहले 1988 में कांग्रेस के पास सर्वाधिक 108 सदस्य थे, लेकिन तब से उसकी ताकत लगातार कम हुई है। हालांकि आनेवाले समय में उसकी ताकत बढ़ सकती है। अभी 52 सीटों पर चुनाव होना बाकी है, और आने वाले वक्त में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों में चुनाव होना है, जहां विपक्ष की सरकारें हैं। हालांकि यूपी में बीजेपी को फायदा हो सकता है, जहां 11 में से 8 सीटें उसकी झोली में जा सकती हैं। यूपी से जिन 11 सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उसमें से 5 बीजेपी के हैं।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।